CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 157 ▫ रायपुर, मंगलवार 1 जुलाई 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### जेल विभाग में तबादला, डिप्टी जेलर, मुख्य प्रहरी, प्रहरी समेत 47 कर्मियों का ट्रांसफर

**रायपुर, 1 जुलाई (हाईवे चैनल)।** जेल प्रशासन विभाग ने केंद्रीय जेल रायपुर सहित विभिन्न जिला और उप जेलों में पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों का तबादला आदेश जारी किया है. 2 डिप्टी जेलर के साथ मुख्य प्रहरी, प्रहरी और वाहन चालक को इधर से उधर किया गया है। इस लिस्ट में 47 अधिकारी-कर्मचारी के नाम शामिल हैं. जारी आदेश में उप जेल अधीक्षक जगदलपुर अलोइस कुजूर को जिला जेल दंतेवाड़ा में स्थानांतरित किया गया है, जबकि उप जेल अधीक्षक जीएस शोरी, जो वर्तमान में दंतेवाड़ा में पदस्थ हैं, को स्वयं के व्यय पर रायगढ़ में नियुक्त किया गया है. इसके साथ ही अन्य जेल कर्मचारियों का भी तबादला किया गया है।

### महाराष्ट्र विधानसभा में स्पीकर पोडियम पर चढ़े नाना पटोले, एक दिन के लिए निलंबित किए गए

**नई दिल्ली, 1 जुलाई (न्यूज चैनल)।** कांग्रेस विधायक नाना पटोले को महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित कर दिया गया है। उन्हें एक दिन के लिए विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा न ले पाने की सजा दी गई है। दरअसल, नाना पटोले कार्यवाही के दौरान विधानसभा स्पीकर के पोडियम पर चढ़ गए। इसके बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। इससे पहले महाराष्ट्र विधानसभा में मंगलवार को मानसून सत्र के दौरान जमकर हंगामा हुआ। इस वजह से विधानसभा की कार्यवाही को कई बार टालनी भी पड़ी। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कांग्रेस विधायक नाना पटोले को दिनभर के लिए विधानसभा से निलंबित कर दिया। नाना पटोले ने शक्तिपीठ हाईवे योजना और किसानों के मुद्दे पर बोल रहे थे। इस दौरान स्पीकर पोडियम पर चढ़ने की कोशिश की और विधानसभा अध्यक्ष के पास रखे राजदंड को हांथ लगाया। इस वजह से उन्हें सस्पेंड किया गया। विपक्ष ने आरोप लगाया कि उन्हें सदन में बोलने नहीं दिया गया।

### यूएई ने भारतीयों को दिया आगमन वीजा विस्तार का तोहफा, कहा- दीर्घकालिक संबंधों के लिए प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली, 1 जुलाई (न्यूज चैनल)।** भारतीय नागरिकों के लिए संयुक्त अरब अमीरात के आगमन पर वीजा कार्यक्रम का विस्तार भारत के साथ उसकी स्थायी साझेदारी का प्रतिबिंब है। यह कदम दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों को दर्शाता है। यूएई के राजदूत अब्दुल नासिर अलशाली ने कहा कि इस नीति से द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा मिलेगा। यूएई दूतावास ने बताया कि जिन भारतीय पासपोर्ट धारकों के पास ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जापान, न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया या सिंगापुर का वैध निवास परमिट है, वे अब यूएई के सभी प्रवेश बिंदुओं पर वीजा ऑन अराइवल प्राप्त कर सकते हैं।




चूहा- सुनती हो, शराब घोटाला में पूर्व मंत्री लखमा को 64 करोड़ मिले हैं..!

चुहिया- हां जी, 64 करोड़ में तो एक और जेल तैयार हो जाएगा..!

# अभनपुर के पास सड़क हादसे में तीन की मौत, कई घायल

## पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा

### मृतक कोंडागांव, जगदलपुर और महासमुंद के निवासी थे

**रायपुर, 1 जुलाई (हाईवे चैनल)।** अभनपुर के केन्द्री गांव के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। वहीं वाहन में फंसे अन्य लोगों को क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया व मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए। घटना सुबह चार बजे की बतायी जा रही है। हादसा रायुपर-अभनपुर हाइवे पर हुआ। इस हादसे में एक तेज रफ़्तार स्लीपर बस ने हाइवा वाहन को टक्कर मार दी। हादसा इतना भयंकर था कि, स्लीपर बस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

इस सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और आधा दर्जन से अधिक घायल हो गए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही अभनपुर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, रॉयल ट्रेवल्स की बस जगदलपुर से रायपुर आ रही थी। इसी दौरान अभनपुर-रायपुर हाइवे पर केन्द्री गांव के पास बस ने हाइवा वाहन को टक्कर मार दी। इस हादसे के समय बस में 20 यात्री सवार थे, जिनमे से तीन की मौत हो गई और आधा दर्जन से अधिक घायल हो गए। बस और हाइवा के बीच टक्कर इतनी भीषण थी कि, दोनों ही वाहन सड़क किनारे जा धंसे।






अभनपुर हादसे में जान गंवाने वाले मृतक कोंडागांव, जगदलपुर और महासमुंद के निवासी थे, पुलिस ने हादसे के बारे में बताया, सुबह रॉयल बस क्रमांक सीजी 04 ई 4060 जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रहा था, अभनपुर थाना क्षेत्र ग्राम केंद्री के पास हाईवे के साथ भिड़ंत हो गया है जिसमें मौके पर दो पुरुष और एक महिला की मौत हो गई है। मृतकों के नाम 1- मृतक अजहर अली पिता इकबाल अली उम्र 30 साल पता सरगीपाल कोंडागांव, 2-मृतक बलराम पटेल पिता मनीराम पटेल उम्र 46 साल कुम्हारपारा जगदलपुर 3 बरखा ठाकुर पति डॉक्टर बीजेंद्र ध्रुव उम्र 31 साल बता ग्राम गुरूडीह थाना तुम गांव जिला महासमुंद,

**घायलों की सूची:** 1-धनीराम सेठिया पिता सुख दास सेठिया उम्र 30 साल पता अनार थाना लोहारी गुड़ा जगदलपुर 2-गणेश्वर प्रसाद बर्मन पिता शंकर बर्मन उम्र 49 साल पता एसीईएल पंप हाउस कॉलोनी कोरबा 3- तीजन यादव पिता सोन सिंह यादव उम्र 23 साल पता अशालनार थाना कोंडागांव जिला कोंडागांव 4-भूषण निषाद पिता मोहन निषाद उम्र 21 साल पता भवानीपुर थाना गीतपूरी बलोदा बाजार 5-श्रीमती सुमन देवी पति स्वर्गीय अरुण कुमार शर्मा उम्र 60 वर्ष पता जमालपुर जिला मुंगेर बिहार हाल पता जगदलपुर 6-संध्या कुमार पति गौतम कुमार उम्र 30 साल पता हाउसिंग बोर्ड जगदलपुर थाना बोधघाट जिला जगदलपुर।

## तमिलनाडु में बड़ा हादसा, शिवकाशी की पटाखा फैक्टरी में धमाका

## पांच मजदूरों की मौत, कई घायल

**नई दिल्ली, 1 जुलाई (न्यूज चैनल)।** तमिलनाडु में मंगलवार सुबह एक पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि यह विस्फोट विरुधुनगर जिले के शिवकाशी के पास चिन्ना कमानपट्टी गांव की एक पटाखा फैक्टरी में हुआ। विरुधुनगर जिला एसपी कन्नन ने बताया कि शिवकाशी के पास चिन्नाकामनपट्टी में एक पटाखा फैक्टरी में विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए विरुधुनगर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।



सूत्रों के मुताबिक, विस्फोट के कारण भीषण आग लग गई। इस दौरान फैक्टरी से घना धुआं उठता देखा गया। अंदर से लगातार पटाखों की आवाजें भी आ रही थीं। विस्फोट का कारण अब तक पता नहीं चल पाया है। घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। यह पटाखा फैक्टरी विस्फोट तेलंगाना में एक दवा संयंत्र में रिएक्टर विस्फोट के ठीक एक दिन बाद हुआ है, जिसमें 34 लोग मारे गए थे। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को जिले के शिवकाशी में एक पटाखा निर्माण कारखाने में अचानक हुए विस्फोट में दो महिलाओं सहित कम से कम पांच श्रमिकों की मौत हो गई। धमाके के बाद फैक्टरी में आग लग गई। हादसे में कई लोग घायल हो गए और फैक्टरी जलकर खाक हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस और अग्निशमन एवं बचाव सेवा कर्मियों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

## दुश्मनों का काल बनेगा आईएनएस तमाल, आज नौसेना में होगा शामिल

**नई दिल्ली, 1 जुलाई (न्यूज चैनल)।** भारतीय नौसेना की ताकत में आज एक और नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। इसके तहत रूस के कालिनिनग्राद शहर में बना नया स्टेल्थ युद्धपोत आईएनएस तमाल मंगलवार शाम भारतीय नौसेना में आधिकारिक तौर पर शामिल किया जाएगा। यह वो आखिरी युद्धपोत है जिसे भारत ने विदेशी जमीन पर बनवाया है। बात अगर इसके बाद की करें तो इसके बाद सभी युद्धपोत देश में ही बनेंगे। बता दें कि आईएनएस तमाल को नौसेना के पश्चिमी कमान के प्रमुख वाइस एडमिरल संजय जे. सिंह की मौजूदगी में कमीशन किया जाएगा। इस मौके पर भारत और रूस के कई रक्षा अधिकारी मौजूद रहेंगे। अब बात अगर आईएनएस तमाल की ताकत की करें तो तमाल महज एक युद्धपोत नहीं बल्कि समंदर में तैनात एक घातक योद्धा है। इसका नाम भगवान इंद्र की पौराणिक तलवार पर रखा गया है और इसकी मारक क्षमता भी उसी की तरह तेज, आक्रामक और निर्णायक है।

## दवा फैक्टरी में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या 34 हुई, मलबे से अभी भी निकल रही लाशें

**नई दिल्ली, 1 जुलाई (न्यूज चैनल)।** तेलंगाना की एक केमिकल फैक्ट्री में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 34 हो गई, क्योंकि बचाव अभियान के दौरान और शव बरामद किए गए। सोमवार रात तक मरने वालों की संख्या 12 थी, जो मंगलवार सुबह बढ़कर 34 हो गई और अब यह और बढ़ गई है। सोमवार को पशमीलारम में सिगाची केमिकल इंडस्ट्री में एक संदिग्ध रिएक्टर विस्फोट के कारण विस्फोट हुआ और आग लग गई थी। जिला पुलिस अधीक्षक परितोष पंकज ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया, मलबे को हटाते समय कई शव मलबे से बरामद किए गए हैं... बचाव अभियान का अंतिम चरण अभी भी जारी है।



जिला पुलिस अधीक्षक परितोष पंकज ने बताया, 'मलबे को हटाते समय उसके नीचे कई शव बरामद किए गए हैं। मलबे से 31 शव निकाले गए हैं, जबकि तीन लोगों की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बचाव अभियान का अंतिम चरण अब भी जारी है।' स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजा नरसिम्हा ने बताया कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी मंगलवार सुबह दुर्घटना स्थल का दौरा करेंगे। इससे पहले, एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने घटना पर दुख जताया और अधिकारियों को फंसे हुए श्रमिकों को बचाने के लिए हरसंभव कदम उठाने तथा उन्हें आधुनिक उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजा नरसिम्हा ने संवाददाताओं को बताया कि जब विस्फोट हुआ तब संयंत्र में लगभग 90 लोग काम कर रहे थे।

## मौसम ने बरपाया कहर, बादल फटने से करसोग-गोहर में 16 लोग लापता

**नई दिल्ली, 1 जुलाई (न्यूज चैनल)।** हिमाचल प्रदेश में जगह-जगह बादल फटने से भारी तबाही हुई है। प्रदेश में बीती रात से जारी मूसलाधार बारिश कहर बरपा रही है। मंडी जिले के गोहर, करसोग व धर्मपुर क्षेत्र बादल फटने से अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है। 16 अभी तक लापता बताए जा रहे हैं। 117 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। बादल फटने से 18 घर, 12 गोशालाएं क्षतिग्रस्त हैं। 30 मवेशियों की मौत हो गई। प्रशासन की ओर से राहत एवं बचाव चलाया जा रहा है। बादल फटने के बाद करसोग में एक व्यक्ति की मौत हुई है। जबकि चार लापता लोगों की तलाश का कार्य चल रहा है। गोहर उपमंडल के स्यांज में नौ लोग लापता हैं।

सराज क्षेत्र के बाड़ा में दो और तलवाड़ा में तीन लोग लापता हैं। बाड़ा में चार और तलवाड़ा में एक बच्ची को रेस्क्यू किया गया है। मंडी शहर के विभिन्न स्थानों से 11 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है। धर्मपुर के त्रियांबला में दो घर व पांच गोशालाएं क्षतिग्रस्त हो गई हैं। 26 मवेशियों की मौत हो गई। भदराणा में चार घर व तीन गोशालाएं क्षतिग्रस्त हो गईं। डीसी मंडी अपूर्व देवगन बाड़ा और तलवाड़ा सहित क्षेत्र में हालात का जायजा ले रहे हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हैं। करसोग में पानी के तेज बहाव के बीच फंसे लोग मदद और बचाव को चिल्लाते रहे। धर्मपुर क्षेत्र में भी



बादल फटा है। शरण गांव में बादल फटने से भारी तबाही हुई है। सिराज के बगस्याड़ समेत पूरे इलाके में बादल फटने से कई घर, गाड़ियां पानी और मलबे में दब गए। गोहर उपमंडल के स्यांज नाले में बना एक घर फ्लैश फ्लड में बह गया। यहां पर मां बेटी को बचा लिया गया, लेकिन सात लोग सैलाब में बह गए हैं। लापता लोगों की पहचान पदम सिंह (75) पुत्र देवी सिंह गांव बागा. देवकू देवी (70) पत्नी पदम सिंह गांव बागा, झाबे राम (50) पुत्र गोकुलचंद पंगलयूर, पार्वती देवी (47) झाबे राम पंगलयू, सुरमि देवी (70 ) पत्नी स्वर्गीय गोकुलचंद, इंद्र देव (29 पुत्र ) झाबे राम, उमावती (27) पत्नी इंद्रदेव, कनिका 9 पुत्री इंद्रदेव, गौतम (7) पुत्र इंद्रदेव, के रूप में हुई है।

## आज से बदल गए नियम: क्रेडिट कार्ड, एलपीजी पीएएन और जेट फ्यूल की कीमतों में भारी बदलाव

**नई दिल्ली, 1 जुलाई (न्यूज चैनल)।** 1 जुलाई 2025 से देश में कई अहम नियमों और नीतियों में बदलाव लागू हो गए हैं, जो आम आदमी की रोजमर्रा की जिंदगी पर सीधा असर डालने वाले हैं। चाहे वह आपके बैंकिंग व्यवहार हों, यात्रा के नियम हों या फिर रोजमर्रा के खर्चों से जुड़ी चीजें — इन बदलावों के कारण कई सेवाओं के तरीके बदल जाएंगे। आइए जानते हैं इन नए नियमों के बारे में विस्तार से और यह कैसे आपके दैनिक जीवन को प्रभावित करेंगे। अब से सभी क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए बिल भुगतान भारत बिल पेमेंट सिस्टम के माध्यम से करना अनिवार्य होगा। इसका मतलब है कि बिलडेस्क, इंफीबीम एवेन्यू, क्रेड और फोनपे जैसे प्लेटफॉर्म पर पेमेंट के पुराने तरीके प्रभावित होंगे। आरबीआई के निर्देश के बाद यह कदम डिजिटल भुगतान को और अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए उठाया गया है।




जीएसटी रिटर्न के मामले में अब जीएसटीआर-3बी फॉर्म को फाइल करने के बाद एडिट नहीं किया जा सकेगा। साथ ही, टैक्सपेयर्स तीन साल से अधिक पुराना कोई भी रिटर्न फाइल नहीं कर पाएंगे। यह कदम टैक्स सिस्टम को और अधिक अनुशासित और पारदर्शी बनाने के लिए उठाया गया है। नए पैन कार्ड आवेदन में अब आधार नंबर देना अनिवार्य कर दिया गया है। पहले जहां पैन कार्ड के लिए बर्थ सर्टिफिकेट या अन्य वैध दस्तावेज स्वीकार किए जाते थे, अब सीबीडीटी ने आधार की सत्यापन प्रक्रिया जरूरी कर दी है। इसका मकसद पैन कार्ड जारी करने में धोखाधड़ी को कम करना और सिस्टम को और मजबूत बनाना है। डोमेस्टिक फ्लाइट्स के लिए इस्तेमाल होने वाले जेट फ्यूल की कीमतों में लगभग 7.5 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में इसकी नई दरें तय कर दी गई हैं, जो विमान सेवा की लागत बढ़ाने वाली हैं। इसका असर टिकट के दामों पर भी पड़ सकता है।

व्यावसायिक उपयोग के लिए गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार चौथा महीना कमी देखने को मिली है। दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई जैसे बड़े शहरों में कीमतें लगभग 57 से 58 रुपये प्रति सिलेंडर कम हुई हैं। यह राहत उन व्यवसायों के लिए मददगार साबित होगी जो गैस सिलेंडर का नियमित उपयोग करते हैं। यूपीआई भुगतान प्रणाली में भी एक बड़ा बदलाव आया है। अब बैंक चार्जबैक क्लेम को एनपीसीआई से मंजूरी लिए बिना पुन: प्रोसेस कर सकेंगे। इससे शिकायतों के निपटारे में तेजी आएगी और ग्राहक सेवा में सुधार होगा।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने जातिगत जनगणना का ऐतिहासिक निर्णय लिया है: आठवले

### रायपुर में संत कबीर सत्संग कार्यक्रम में हिस्सा लिया

**रायपुर, 1 जुलाई (हाईवे चैनल)।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में संत कबीर सत्संग कार्यक्रम में हिस्सा लिया. इस दौरान उन्होंने जातिगत जनगणना, धर्मांतरण, हिंदी-मराठी भाषा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आगामी दौरे पर महत्वपूर्ण बयान दिए।

जातिगत जनगणना पर ऐतिहासिक निर्णय: आठवले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने जातिगत जनगणना का ऐतिहासिक निर्णय लिया है. उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, लंबे समय से इसकी मांग उठ रही थी, लेकिन जब उनकी सरकार थी, तब उन्होंने इस पर कोई निर्णय क्यों नहीं लिया? उन्होंने आगे कहा कि जनरल कमीशन इस दिशा में काम करेगा, जिससे यह स्पष्ट होगा कि कितना विकास हुआ, कितना कल्याण हुआ और समाज को कितना लाभ मिला.हिंदी और मराठी भाषा पर जोरमहाराष्ट्र में भाषा विवाद पर बोलते हुए आठवले ने कहा, हिंदी हमारी मातृभाषा है और इसका सम्मान होना चाहिए. कुछ लोगों ने मराठी भाषा में पढ़ाई की मांग की थी, जिस पर महाराष्ट्र सरकार ने अच्छा फैसला लिया है. उन्होंने सुझाव दिया कि स्कूलों में हिंदी को लागू करना चाहिए, लेकिन कक्षा पहली से छठवीं तक क्षेत्रीय भाषा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए.



पश्चिम बंगाल में भाजपा की फैक्ट-फाइंडिंग कमेटी के दौरे के संदर्भ में आठवले ने कहा, वहां अत्याचार के मामले लगातार बढ़ रहे हैं. आगामी चुनाव में ममता बनर्जी की छुट्टी हो जाएगी और भाजपा की सरकार बन सकती है. उन्होंने ममता सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए बदलाव की भविष्यवाणी की.धर्मांतरण पर सख्त रुखछत्तीसगढ़ में बढ़ते धर्मांतरण के मामलों पर आठवले ने कहा, प्रलोभन या दबाव में धर्मांतरण सही नहीं है. अगर कोई अपनी स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन करना चाहता है, तो यह उसका अधिकार है, लेकिन दबाव या प्रलोभन के मामलों की पूरी जांच होनी चाहिए और इसे रोका जाना चाहिए. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के 7 जुलाई को प्रस्तावित छत्तीसगढ़ दौरे पर आठवले ने कहा, लोकतंत्र में सभी को सभा करने का अधिकार है. खड़गे हमारे समाज से हैं और उनका स्वागत है. लेकिन वे यहाँ आएंगे तो संविधान बदलने और मोदी के खिलाफ ही बोलेंगे. कांग्रेस को टिप्पणी करनी है, तो करती रहे।

CMYK